# रजत जयंती महोत्सव में उमड़ा विशाल जनसमूह

रजत जयंती महोत्सव का उद्घाटन करते हुए दादी रतनमोहिनी, हिन्दु सभा दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि, ब्र.कु.मुन्नी, ब्र.कु.सरला दीदी, ब्र.कु.शारदा, ब्र.कु.सरला, ब्र.कु.चन्द्रिका तथा अन्य।

**पालनपुर।** ब्रह्माकुमारी संस्थान पालनपुर के रजत जयंती में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देश-विदेश से पच्चीस हजार से भी ज्यादा भाई-बहन उपस्थित रहे।

हिन्दु सभा दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि ने कहा कि वर्तमान समय समाज में बहुत बुराइयां तथा अज्ञान अंधकार व्याप्त है। जिसको राजयोग एवं ईश्वरीय ज्ञान के आधार से दूर किया जा सकता है। हर आत्मा में आध्यात्मिक प्रकाश को जागृत कर सकारात्मक परिवर्तन लाने का ईश्वरीय सेवाकार्य यह विश्व विद्यालय कर रहा है। ब्रह्माकुमारी बहनों के शुद्ध संकल्प की शक्ति भारत में सतयुग की स्थापना कर रही है और विश्व की आत्माओं को समीप आ रही समय की अंतिम घड़ी की घोषणा भी कर रही है। अभिमान ही सर्व समस्या का कारण है। उसकी जगह अगर आत्म भाव, सद्भाव, पवित्रता तथा शांति की इच्छा रखने वाले को ब्रह्माकुमारी बहनों की ओर ही जाना पड़ेगा। राजयोग की शिक्षा का समाज के सभी वर्गों के लोग अनुसरण करें ऐसी अपील भी की।

ब्रह्माकुमारी संस्था की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी ने कहा कि परमात्म शक्ति द्वारा विश्व के 140 देशों में मानव मात्र का सकारात्मक परिवर्तन आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से हो रहा है। पिछले पच्चीस वर्षों से पालनपुर स्थित सेवाकेन्द्र आसपास के गांवों में भी अनेक सेवाकेन्द्र खोल जन-जन को आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है।

गुजरात जोन की संचालिका ब्र.कु.सरला दीदी, जर्मनी स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवाकेन्द्रों की डायरेक्टर ब्र.कु.सुदेश दीदी तथा अमेरिका की ब्र.कु.चन्द्रू बहन ने ने भी ईश्वरीय सेवाओं में तत्पर ब्रह्माकुमारी बहनों के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की। विधायक महेश भाई ने अपनी शुभभावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि बहनों का कार्य नि:स्वार्थ एवं श्रेष्ठ है।

ग्राम विकास प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका ब्र.कु.सरला बहन ने सभी से जीवन में आध्यात्मिकता का समावेश करने की अपील की। समारोह में उच्च विभागों के अधिकारीगण, नगर के गणमान्यजन तथा आसपास के गांवों से करीब दस हजार भाई-बहनें उपस्थित हुए। इस अवसर पर आठ ब्रह्माकुमारी बहनों का समर्पण समारोह भी मनाया गया। समर्पित बहनों ने परमात्मा द्वारा स्थापन किये जाने वाले सुख शांति सम्पन्न समाज को साकार रूप देने का दृढ़ संकल्प किया। स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु.भारती ने विशाल जनसमूह का स्वागत किया। सभी को राजयोग अभ्यास के लिए प्रेरित किया।

# अमरनाथ के चैतन्य दर्शन ने किया अभिभूत

**जूनागढ़।** ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा आयोजित अमरनाथ दिव्य दर्शन मेले के उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जूनागढ महानगर पालिका के कमिश्नर दिलीप राना ने कहा कि मानव जीवन का पथप्रदर्शक बनकर जीवन जीने की कला सिखलाने वाला यह अद्भुत मेला है। मेले में आते ही शांति के वायब्रेशन्स दिल को छू जाते हैं। दिव्यता से सम्पन्न इस अनोखे मेले को देखने के लिए सभी को आना चाहिए। उन्होने मेले के अवलोकन के लिए सभी का आहवान किया।

उद्योगपति नटु भाई चौकसी ने कहा कि जूनागढ के इतिहास में पहली बार ऐसे मेले का आयोजन किया गया है। आध्यात्मिक ज्ञान से सम्पन्न इस मेले में आने वाले हर एक को तनाव, दुख व अशांति से मुक्त होने में मदद मिलेगी। कारपोरेटर एभा भाई कटारा एवं बीएसएनएल भुज के जीएम आशीष भाई ने भी मेले का अवलोकन किया।

दस दिवसीय इस मेले में विभिन्न स्टालों द्वारा आध्यात्मिक ज्ञान को सहज व सरल तरीके से सभी को समझाने का प्रयास किया गया। बारह ज्योतिर्लिंगम दर्शन स्टॉल में शिवलिंगों का दर्शन करने वालों को ऐसा अनुभव हो रहा था कि जैसे वो साक्षात सम्मुख दर्शन कर रहे हैं। विशाल मूविंग कुम्भकरण का माडल सभी के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। उसे देखकर लोगों को आश्चर्य मिश्रित प्रसन्नता होती।

अमरनाथ दर्शन के लिए भी लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। पहाड़ों को इस खूबसूरती से बनाया गया था ताकि अमरनाथ को जीवंत रूप से साकार किया जा सके। अमरनाथ का दर्शन कर सभी स्वयं को धन्य महसूस करते थे। विश्व बंधुत्व नगरी स्टाल में सभी को आदि काल की भारतीय संस्कृति से परिचित कराया गया। प्राचीन भारत की छबि को इसमें संजोया गया था। आने वाले स्वर्णिम भारत की भी झलकियां दिखाई गईं। विडियो शो के द्वारा परमात्म अनुभूति तथा वैकुण्ठ दर्शन कराया गया।

सभी की श्रद्धा का केन्द्र बनी शाम को होने वाली महाआरती की बेला। हजारों लोग हाथों में मोमबत्ती लेकर इस महाआरती में शामिल होने पहुंचते थे। अलौकिक व दिव्यता से सम्पन्न यह वातावरण हर एक को अभिभूत कर देता था। मेले का लाखों लोगों ने लाभ उठाया और पुन: ऐसे आयोजन का आग्रह किया। ब्र.कु.दमयंती दीदी ने सभी नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

अमरनाथ दिव्य दर्शन मेले का उद्घाटन करते हुए जूनागढ महानगर पालिका के कमिश्नर दिलीप राना, उद्योगपति नटु भाई चौकसी, कारपोरेटर एभा भाई, बीएसएनएल भुज के जीएम आशीष भाई, ब्र.कु.दमयंती तथा अन्य।


**भारत** एक वर्ष 170 रुपये
तीन वर्ष 510 रुपये
आजीवन 4000 रुपये
**विदेश** - 2000 रूपये (वार्षिक)
कृपया सदस्यता शुल्क 'ओम शान्ति मीडिया' के नाम मनीआर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेयबल एट माउण्ट आबू ) द्वारा भेजें ।

सम्पादक ब्र.कु.गंगाधर
ओमशान्ति मीडिया
ब्रह्माकुमारीज़ पो.बॉक्स न.5
शान्तिवन , तलहटी, आबू रोड-राज.-307510
Enquiry for Membership-9414006096
(M)- 9414154344, E-mail : mediabkm@gmail.com, omshantimedia@bkivv.org, webside:www.omshantimedia.info

प्रति

RNI NO RAJHN/2000/721, NEWS PAPER TO POST CONCSSIONAL REGISTRATION NO. RJ/SIROHI/9623/12-14, 12TH TO 14 TH, 22 ND TO 24TH POSTED TO SHANTIVAN POST OFFICE
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, सलाहाकार संपादक: कमल दीक्षित, प्रकाशक: ब्र.कु.करूणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज् मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ.) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट साल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।